हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी
Board of School Education Haryana, Bhiwani
(Established Under Haryana Board of School Education Act, 1969)
वंदे मातरम्

**No. BSEH/SEC/2026** **Circular No. 10 /2026**
**Dated: 06-08-2026**

## प्रैस–नोट

विषय :– हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा वर्ष–2025, परीक्षार्थियों की बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन प्रक्रिया पूर्ण करने के सन्दर्भ में।

सभी सम्बन्धित को सूचित किया जाता है कि दिनांक 04.07.2026 व 05.07.2026 को आयोजित हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा 2025 का परीक्षा परिणाम शीघ्र घोषित किया जा रहा है। परिणाम घोषित होने से पूर्व परीक्षार्थियों की बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन का कार्य पूर्ण होना अनिवार्य है। परीक्षार्थियों की सुविधा को देखते हुए दिनांक 10.08.2026 से 12.08.2026 तक राज्य के 22 जिलों में जिलावार वेरिफिकेशन केन्द्र स्थापित किए गए हैं। अन्य राज्य से सम्बन्धित परीक्षार्थी अपने साथ लगते जिला मुख्यालयों पर पहुंचकर अपनी बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं। विशेष परिस्थितियों में परीक्षार्थी 22 जिलों में स्थापित केन्द्रों में से किसी भी केन्द्र पर उपस्थित होकर अपनी वेरिफिकेशन प्रक्रिया पूर्ण कर सकता है। परीक्षार्थी द्वारा अपना मूल प्रवेश–पत्र (Admit Card) तथा फोटोयुक्त मूल पहचान पत्र लेकर आना अनिवार्य है। जिलावार स्थापित किए गए वेरिफिकेशन केन्द्रों की सूची बोर्ड वैबसाईट www.bseh.org.in पर उपलब्ध है। परीक्षार्थियों को इनके ऑन लाईन आवेदन के समय पंजीकृत मोबाईल फोन नम्बर/ई–मेल पर भी इस आशय का संदेश भेजा जाएगा। जो परीक्षार्थी दिनांक 10.08.2026 से 12.08.2026 तक अपनी वेरिफिकेशन प्रक्रिया पूर्ण नहीं करते हैं, उनका परिणाम घोषित नहीं किया जाएगा।

सहायक सचिव
(विशेष परीक्षा)